British Columbia's
Office of the Human Rights
Commissioner

# बी.सी. की *मानवाधिकार संहिता :* आवास

प्रेजेन्टर के नाम



# एजेंडा

- उद्घाटन और परिचय
- बी.सी. की *मानवाधिकार संहिता* (*संहिता*) का परिचय
- संरक्षित क्षेत्र के रूप में आवास
- ट्रिब्यूनल से वास्तविक जीवन की कहानियां
- प्र और उ - निष्कर्ष में

**याद रहे: हम सार्वजनिक जानकारी प्रदान कर रहे हैं न कि कानूनी सलाह।*

# सीखने के मकसद

इस सत्र के अंत तक आप निम्न में सक्षम होंगे:

- बी.सी. की *मानवाधिकार संहिता* को अन्य मानवाधिकार कानूनों में स्थान दे सकेंगे
- बी.सी. की मानवाधिकार प्रणाली में प्रयुक्त होने वाले शब्दों को पहचान सकेंगे
- बी.सी. की *मानवाधिकार संहिता* के तहत भेदभाव की पहचान कर सकेंगे
- इस बात की पहचान कर सकेंगे कि मानवाधिकारों संबंधी शिकायतें करने के लिए किन संरक्षित निजी विशेषताओं का उपयोग किया जा सकता है



# हम हैं...

## बीसी मानवाधिकार आयुक्त का कार्यालय

हमने 17 साल की गैर-मौजूदगी के बाद 2019 में दोबारा काम-काज शुरू किया था।

## हमारे पास इन स्थानों पर कर्मचारी हैं...

प्रिंस जॉर्ज, केलोना, वैंकूवर और विक्टोरिया

British Columbia's
**Office of the Human Rights Commissioner**



# हमारा जनादेश

बी.सी. में असमानता, भेदभाव और अन्याय के मूल कारणों को कानूनों, नीतियों, प्रथाओं और संस्कृतियों में बदलाव करके दूर करना। हम यह काम शिक्षा, अनुसंधान, सिफारिश, पूछताछ और निगरानी के माध्यम से करते हैं।

फोटो: बी.सी. मानवाधिकार आयुक्त कसारी गोवेंदर

# बी.सी. में मानवाधिकार



**बी.सी. मानवाधिकार क्लीनिक (और अन्य)**

लोगों को ट्रिब्यूनल के समक्ष शिकायतें पेश करने में सहायता देता है



**बी.सी. मानवाधिकार ट्रिब्यूनल***

लोगों की शिकायतों की सुनवाई और उन पर फैसला करता है*




**बी.सी. मानवाधिकार आयुक्त का कार्यालय**

भेदभाव के मूल कारण पर कार्रवाई करता है

*यदि आप किसी यूनियन से जुड़े हैं और कार्य स्थल पर आपके साथ भेदभाव हुआ है, तो आप अपनी यूनियन से संपर्क कर सकते हैं। यूनियन मानवाधिकार मुद्दों को लेकर शिकायतें दर्ज करने में कर्मचारियों की मदद कर सकती हैं।

# आवास प्रदाता के रूप में आपके कर्तव्य



आवास प्रदाता के रूप में, बी.सी. की मानवाधिकार संहिता का पालन करना आपका कर्तव्य है।



# मानवाधिकार 101 वीडियो




https://www.youtube.com/watch?v=-1Kxw5g-TMc

# मानवाधिकारों के तीन स्तर



# मैं कहां संरक्षित हूं?

## क्षेत्र

*संहिता* दैनिक जीवन के कुछ **क्षेत्रों** में भेदभाव पर रोक लगाती है।



# क्या संरक्षित है?

## विशेषताएं

उन **क्षेत्रों** में व्यक्तिगत **विशेषता**ओं के कारण किसी व्यक्ति के साथ भेदभाव करना अवैध है।

## रोजगार



## आवास



आयु, आपराधिक दोष सिद्धि,
लिंग पहचान या अभिव्यक्ति,
पारिवारिक स्थिति, वैवाहिक स्थिति
वंश, रंग, उत्पत्ति का स्थान, जाति,
मानसिक विकलांगता, शारीरिक अपंगता,
सेक्स, यौन झुकाव,
आय का स्रोत, देशज पहचान
राजनीतिक धारणा, धर्म

## सेवाएं



## प्रकाशन



| *बी.सी. की मानवाधिकार संहिता* | रोजगार | सेवाएं | आवास – किराएदार | आवास – खरीदार |
|---|---|---|---|---|
| वैवाहिक स्थिति | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| धर्म | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| लैंगिक पहचान/अभिव्यक्ति | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| जाति | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| रंग | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| मूल निवास | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| नस्ल | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| अपंगता | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| लिंग | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| यौन झुकाव | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| देशज पहचान | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| आयु | ✓ | ✓ | ✓ | |
| पारिवारिक दर्जा | ✓ | ✓ | ✓ | |
| आपराधिक दोष सिद्धि | ✓ | | | |
| राजनीतिक धारणा | ✓ | | | |
| आय का वैध स्रोत | | | ✓ | |

# प्र & उ रिमाइंडर

# भेदभाव क्या है?

निजी विशेषता से संबंधित **हानिकारक व्यवहार** के लिए प्रयोग किया जाता है।

बी.सी. की *मानवाधिकार संहिता* के तहत किसी व्यक्ति के साथ भेदभाव हुआ है अगर निम्नलिखित सभी सत्य हैं:

1. उनके पास संहिता के तहत संरक्षित निजी विशेषता(एं) हैं
2. उन्होंने नुकसान का अनुभव किया है (इसे "प्रतिकूल प्रभाव" के रूप में भी जाना जाता है)
3. उनकी निजी विशेषता(एं) नुकसान का कारक हैं

# भेदभाव क्या नहीं है?

हालांकि भेदभाव में **हानिकारक व्यवहार** होता है, लेकिन व्यवहार में हर अंतर भेदभावपूर्ण नहीं है।



# आवास प्रदाताओं के लिए न्यायसंगति

आवास प्रदाता भेदभावपूर्ण लगने वाली किसी कार्रवाई को निम्न तीन बातों को सत्य दिखाकर उचित ठहरा सकता है:

- उस आचरण के लिए आवास या व्यवसाय संबंधी वैध उद्देश्य था
- यह आचरण इसलिए किया गया क्योंकि उन्होंने सोचा कि उनके उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक था
- अनुचित कठोरता के बिंदु पर पहुंचे बिना समायोजित करना असंभव था

# समायोजित करने का कर्तव्य

दो महत्वपूर्ण सिद्धांत:

- बाधाओं को दूर करने के लिए सभी उचित प्रयास करने का कर्तव्य ताकि आपकी सेवाओं का उपयोग करने वाले समान रूप से भाग ले सकें

- पूछताछ करने का कर्तव्य



# अनुचित कठोरता

...वह बिंदु है जिस पर वह सब कुछ किया जा चुका है, जो उचित रूप से संभव है,

और

आवास प्रदाता से और अधिक करने की अपेक्षा करना अनुचित होगा।



# उपाय



उपाय मुआवजे का एक स्वरूप है - न कि केवल वित्तीय - जब किसी के पास मानवाधिकार की उचित शिकायत हो।

# ट्रिब्यूनल से वास्तविक जीवन की कहानियां

# क्या आपको याद है कि भेदभाव की पहचान कैसे की जाए?

बी.सी. की *मानवाधिकार संहिता* के तहत किसी व्यक्ति के साथ भेदभाव हुआ है यदि निम्नलिखित सभी सत्य हैं:

1. उनके पास संहिता के तहत संरक्षित निजी विशेषता(एं) हैं
2. उन्होंने नुकसान का अनुभव किया है (इसे "प्रतिकूल प्रभाव" के रूप में भी जाना जाता है)
3. उनकी निजी विशेषता(एं) नुकसान का कारक हैं



# प्रकरण परिदृश्य #1: वाशिंग मशीन

- समीर को आंत से संबंधित समस्या है, जिससे वह कई वर्षों से गुजर रहे हैं।
- परिणामस्वरूप, उन्हें अपने कपड़े धोने के लिए गर्म पानी की आवश्यकता होती है।
- समीर किराएदार हैं और उनके अपार्टमेंट के किराए में लॉन्ड्री शामिल है।
- उनके वॉशर से गर्म पानी निकलना बंद हो गया है और पानी से दुर्गंध आ रही है।
- उनके मकान मालिक ने एक तकनीशियन के साथ मशीन का निरीक्षण किया और इस नतीजे पर पहुंचे कि वाशिंग मशीन ने पानी गर्म करना बंद कर दिया है।
- समीर ने अपनी बीमारी की स्थिति और अपने कपड़ों को साफ करने के लिए गर्म पानी की आवश्यकता की जानकारी दी और मकान मालिक से अनुरोध किया कि वह उन्हें गर्म पानी से धोने वाली वाशिंग मशीन उपलब्ध कराएं।
- मकान मालिक ने यह कहते हुए इससे इनकार कर दिया कि मशीन काम कर रही है और हर व्यक्ति के लिए सफाई का अर्थ अलग-अलग है।
- समीर को बिक्री के लिए गर्म पानी देने वाली एक वॉशिंग मशीन मिली और उन्होंने मकान मालिक से अपनी यूनिट से पुरानी मशीन को हटाने का अनुरोध किया।
- मकान मालिक ने इससे इनकार कर दिया।

# प्रकरण परिदृश्य #2: लोबान जलाना

- फ्रांसिस एक देशज महिला हैं।
- लोबान जलाना उनकी आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ उनकी देशज पहचान का एक हिस्सा है।
- धुआं करने के लिए वह सेज की जड़ी को आबालोन की सीपी में जलाती हैं और धुआं पैदा करने के लिए वह इसे चील के पंख से झलती हैं।
- वह सारा से चार सूट वाले डुप्लेक्स में एक बेसमेंट सुइट किराए पर लेती हैं।
- सारा फ्रांसेस के ठीक ऊपर वाली यूनिट में है और एक दिन वह लोबान की गंध को सूंघती है और सोचती है कि फ्रांसेस के सूइट से मारिजुआना की गंध आ रही है।
- सारा फ्रांसेस से बात करती है और फ्रांसेस उसे बताती हैं कि वह लोबान जला रही हैं और बताती हैं कि वह ऐसा क्यों करती हैं।
- सारा को उन पर विश्वास नहीं होता, लेकिन वह यह भी कहती है कि भले ही फ्रांसेस लोबान जला रही हों, इसकी गंध बहुत तेज है और इससे अन्य किरायेदार परेशान हो सकते हैं।
- फ़्रांसिस लोबान जलाना जारी रखती हैं और सारा उन्हें घर से निकालने की कोशिश करती है।
- सारा फ्रांसेस को सफलतापूर्वक बेदखल करने में विफल रहती है, लेकिन जैसे ही फ्रांसेस को नई जगह मिलती है, वह घर छोड़ देती हैं।

# प्रकरण परिदृश्य #3: एयरबीएनबी

- डेव स्ट्राटा कॉम्प्लेक्स में एक यूनिट के मालिक हैं।
- वह डिसेबिलिटी असिस्टेंस (दिव्यांगता सहायता) प्राप्त कर रहे हैं और अपनी आय को पूरा करने के लिए एयरबीएनबी पर अपना दूसरा बेडरूम किराए पर देना चाहते हैं।
- उनका पड़ोसी शिकायत करता है कि यह कदम स्ट्राटा के बाईलॉज (उपनियमों) का उल्लंघन करता है।
- डेव बाईलाज में संशोधन के लिए एक प्रस्ताव पारित करने की सिफारिश करते हैं लेकिन वह असफल रहते हैं।
- अंत में, डेव अनुरोध करते हैं कि उन्हें वित्तीय कठिनाई के आधार पर छूट दी जाए।
- स्ट्राटा छूट के उनके अनुरोध को अस्वीकार कर देता है क्योंकि उसका दावा है कि डेव ने वित्तीय कठिनाई का प्रदर्शन नहीं किया है।
- स्ट्राटा इस बात को भी कहता है कि अन्य मालिकों ने भी इमारत में एयरबीएनबी चलाने की इजाजत देने के लिए "लगभग सर्वसम्मत विरोध" किया है।

# हमने किन बातों पर गौर किया

- अन्य मानवाधिकार कानूनों में बी.सी. की *मानवाधिकार संहिता* को अवस्थित किया
- बी.सी. मानवाधिकार प्रणाली में इस्तेमाल होने वाले शब्दों की पहचान की
- बी.सी. की *मानवाधिकार संहिता* के तहत भेदभाव की पहचान की
- मानवाधिकार संबंधी शिकायतें करने के लिए किन संरक्षित निजी विशेषताओं का उपयोग किया जाए, की पहचान की

# प्र & उ

British Columbia's
Office of the Human Rights
Commissioner

# धन्यवाद

अधिक संसाधनों के लिए **bchumanrights.ca**
पर जाएं या सोशल मीडिया
**@humanrights4bc** पर हमें खोजें

**हमें ईमेल करें:**
info@bchumanrights.ca